पत्र सूचना कार्यालय
PRESS INFORMATION BUREAU
भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
एमआईजी-डी-18, सेक्टर-01, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492009
Telephone:-0771-2223620 Fax:- 0771-2222364, E-mail- pibrpr@gmail.com

The Hitavada
RAIPUR Tuesday June 5 2018

# India is transforming like never before: Nadda




Union Health Minister Jagat Prakash Nadda addressing media persons. State Health Minister Ajay Chandrakar and Raipur MP Ramesh Bais look on.

**Staff Reporter**
RAIPUR, June 4

ASSERTING that during the last 48 months India has witnessed an extraordinary transformation in almost all the spheres of human activity and progress, Union Health and Family Welfare Minister Jagat Prakash Nadda said developmental initiatives and relentless efforts of the National Democratic Alliance Government at the Centre led by Prime Minister Narendra Modi has ensured that the benefits of development have reached the last mile in the remotest corner of the country.

The Union Health and Social Welfare Minister while addressing a press conference here on Monday to highlight the achievements and initiatives taken by the NDA government under Prime Minister Narendra Modi during the last four years said that the range of policy initiatives of the NDA government was not only impressive but also spectacular and historic in all fields. The initiatives taken by the government include local to global, rural and urban - touching all sections of society in holistic manner. The policy initiatives have encouraged active public participation of people with an aim of "Sabka Saath, Sabka Vikas" through "Saaf Niyat for Sahi Vikas (clear intentions for proper development)". Nadda said that an emphatic increase in tax compliance have been registered in these four years where number of ITRs registered a jump of 80.5 percent from 3.79 crore in 2013-14 to 6.84 crore in 2017-18. Thus the economy is taking stride towards transparency from non-transparency. We are moving ahead towards transparent economy. He added that to achieve cashless society or cashless transaction, it takes time to get habituated but if this is the way, it is the shortest way, he said.

Nadda said development is reaching the poorest ensuring better life for all with special focus has been given to the progress of the women, youth, farmers and all those sections of the society which required special attention. He said so much work has been done in last four years that it cannot be quantified in an half hour press conference, but he is trying to quantify the same by taking up the salient features.

Nadda said for ensuring better lives for all and development of the poorest sections of the society, the government started the financial inclusion scheme Jan Dhan Yojna for securing the unbanked. Till now, 31.52 crore Jan Dhan accounts have been opened under the scheme. Approximately, 13.25 crore people are insured with personal accident cover under Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojna at Rs 12 per year. Pradhan Mantri Jivan Jyoti Bima Yojna benefited 5.22 crore families with a life insurance cover at Rs 330 per year. Caring for the welfare and financial security of senior citizens, Pradhan Mantri Vaya Vandana Yojna, gives assured 8% interest rate for 10 years to senior citizens. Moreover, the investment limit is doubled to Rs 15 lakh and the scheme is extended till 2020.

The Minister further elaborated on various initiatives that have been taken to ensure transparency, eliminate corruption and unearth the black money. He added that the Union Government has always accorded highest priority to the welfare of farmers and progress of agriculture and allied sectors in the country. Initiatives like determining 1.5 times of production cost as Minimum Support Price for Kharif crops, distributing more than 12.5 crore Soil Health Cards, establishing e-NAM platforms to integrate 585 regulated markets for fetching best prices shows commitment of the Government towards the resolve.

Giving information on achievements in health care sector, Nadda said that health care, was the prime focus area of the Government. Ayushman Bharat, world's largest Health Insurance Initiative, as announced in the budget 2018-19, aims to provide coverage to more than 50 crore Indian citizens.

The Union Health Minister said that the Government is committed to build new infrastructure for New India. Around 1 crore houses were built for the poor under PM Awas Yojna. The government is committed to develop 100 Smart Cities at an expenditure of over Rs 2 lakh crore. More than 1.69 lakh kilometers of rural roads built in last four years and speed of highway construction has gone up from 12 km per day to 27 kms per day in last 4 years. The Bharat Mala project aims to connect the entire country with a network of highways at a cost of more than Rs 5,35,000 crore. Under the rural electrification scheme, the Government achieved its objective of electrifying all the villages across the country. Taking the commitment further, the Government under Saubhagya initiative now aims to provide electricity to around 4 crore household.

Printed & Published by Rajendra Purohit, Printed at The Hitavada Press, Avanti Vihar, Telibandha, Raipur-492006 and Published From Avanti Vihar, Telibandha, Raipur-492006, Editor: Vijay Phanshikar, Reside

पत्र सूचना कार्यालय
PRESS INFORMATION BUREAU
भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
एमआईजी-डी-18, सेक्टर-01, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492009
Telephone:-0771-2223620 Fax:- 0771-2222364, E-mail- pibrpr@gmail.com


TIMES NATION
THE TIMES OF INDIA, RAIPUR
TUESDAY, JUNE 5, 2018

# Modi govt working for development of all: Nadda

TIMES NEWS NETWORK

**Nadda said that all the initiatives and reforms have ignited the transformation in rural areas. Quoting statistics, he said that the last four years have seen a jump in all sectors leading to India becoming a global growth engine**

**Raipur:** Union health minister **Jagat Prakash Nadda** on Monday said that the Modi government has introduced many structural reforms and welfare schemes to better lives of every section of the society.



Nadda was addressing a press conference here on four years of Modi government.

"There has been a giant leap during the last four years in all sectors, be it the social sector, farmer welfare, health, education or infrastructure. Our aim is to quantify this achievement through the statistics," he said.

Talking about the BJP government's scheme, the health minister sent the message across that the Centre was working for the development of poorest. To bolster his point, Nadda listed schemes such as Jan Dhan Yojana, Jan Suraksha Yojana, direct benefit transfer that eliminates middlemen, in addition to the support given to farmers, skill development and self-employment schemes among others.

He said that all the initiatives and reforms have ignited the transformation in rural areas. Quoting statistics, he said that the last four years have seen a quantum jump in all sectors leading to India becoming a global growth engine.

The union minister said there was a growth in India's share in world GDP, which rose from 1.75 percent in 2011 to 2.43 percent in 2013 and touched 3.08 percent during the last four years.

Talking about the Ayushman Bharat scheme, the health minister said that all states will sign MoUs with National Health Mission to implement the mega scheme — to set up wellness centres across the country and provide Rs 5 lakh to the people living below poverty line by June 15. He said that the programme's focus is affordable health care to the masses.

पत्र सूचना कार्यालय
**PRESS INFORMATION BUREAU**
भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
एमआईजी-डी-18, सेक्टर-01, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492009
Telephone:-0771-2223620 Fax:- 0771-2222364, E-mail- pibrpr@gmail.com

स्वदेश रायपुर, 5 जून 2018 . 3

## मोदी सरकार के चार वर्षों की उपलब्धियों को पावर प्रजेंटेशन के जरिए दिखाया

# भारत में बदलाव की गति तेज हुई : नड्डा



« रायपुर (स्वदेश प्रतिनिधि)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि भारत देश बदल रहा है। मोदी सरकार ने चार वर्षों में आर्थिक, सामाजिक, कृषि, स्वास्थ्य एवं अधोसंरचना हर क्षेत्र में व्यापक काम किया है सरकार की 48 महीनों की उपलब्धियां को आधे-एक घंटे में बताया जाना बड़ा मुश्किल है, वे आज यहां पत्रकारों से मोदी सरकार के चार वर्ष पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने पावर प्रजेंटेशन के जरिए सरकार की उपलब्धियों को बताया।

उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश की बैंको के राष्ट्रीयकरण करने के पीछे तर्क दिया कि इससे गरीबों को लाभ मिलेगा। लेकिन 1971 से 2014 तक यानि 43 वर्षों में सवा तीन करोड़ लोग ही बैकिंग सुविधाएं पा सके। गत चार वर्षों में बैंक में खाता धारकों की संध्या 31.53 करोड़ है। इस प्रकार प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना के तहत 19 करोड़ से अधिक लोगं को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में सम्मलित किया गया।

उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत योजना के तहत देश में चार वर्षों में 7.25 करोड़ शौचालयों का निर्माण करवाया है, जबकि पिछले 43 वर्षों में 6.5 करोड सार्वजनिक शौचालय ही बने थे। कृषि क्षेत्र में उत्पादन में डेढ गुना इजाफा हुआ है दालों का भण्डारण बढ़ा है सरकार ने दालों के भण्डारण तथा उचित मूल्य किसानों को मिले इसका भी उचित प्रबंध किया है। सरकार देश में कृषि उत्पादन बढ़ाने तथा उचित भण्डारण की योजना बना रही है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए 585 मण्डियों को डिजीटल बनाया गया है देश के 67 लाख किसान ई ट्रेड से जुड़ चुके है। जिससे उन्हें फसल की कीमतों की ताजा जानकारी एवं मांग का पता रहता है। पहले किसानों को 50 प्रतिशत फसल खराब होने पर मुआवजा मिलता था मोदी सरकार ने 33 प्रतिशत खराब फसल पर मुआवजा देने का प्रावधान किया है।

उन्होंने बताया कि स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने के लिए मोदी सरकार ने 2017 में स्वास्थ्य नीति बनाई है। आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ की धरती से किया। इस योजना के तहत पचास करोड़ देशवासियों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य कवरेज मिलेगा। प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए डेढ लाख प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो को स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र (एचडब्ल्यूसी) में परिवर्तित किया जा रहा है। मां और बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, गर्भवती/स्तनपान कराने वाली माताओं को छह हजार की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि जीवन रक्षक दवाओं सहित 1054 आवश्यक औषधियों को 2014 के बाद मूल्य नियंत्रण व्यवस्था के तहत लाया गया है जिससे उपभोक्ताओं को दस हजार करोड़ से अधिक का फायदा हुआ है। श्री नड्डा ने बताया कि देश के हर जिले में डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ कैंसर के जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है देश को टीवी चेचक व कुष्ठ रोग से मुक्त कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में 20 नए एम्स जैसे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल स्थापित किए जा रहे है। 73 सरकारी मेडिकल कालेजों की उन्नयन किया जा रहा है। गत चार वर्षों में 92 मेडिकल कालेज स्थापित किए जा चुके है। पिछले चार वर्षों में 12.646 पीजी सीट बढ़ी है। उन्होंने बताया कि युवाओं को वैश्विक स्पर्धा के मुकाबले के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत देश में 13 हजार प्रशिक्षण केंद्र खोले गए है जो 375 व्यवसायों का प्रशिक्षण दे रहे है जिसमें एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मोदी सरकार पीएम आवास योजना के तहत हर व्यक्ति को घर का सपना साकार कर रही है। शहर के समुचित विकास के लिए स्मार्ट सिटी योजना गांव को मजबूत बनाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। हर गांव को सड़क से ज़ोड़ने का काम 82 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का वर्ष 17-18 में करीबन सवा लाख किलोमीटर विस्तार हुआ है पहले निर्माण की गति प्रतिदिन 12 किलोमीटर थी जो आज 27 किलोमीटर प्रतिदिन हो गई है। निपाह बीमार के बारे में उन्होंने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है उससे डरने की नहीं सावधान रहने की जरुरत है। इस अवसर पर सांसद रमेश बैस, धरमलाल कौशिक, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री अजय चंद्राकर, भाजपा विधायक श्रीचंद सुंदरानी, भाजपा प्रवक्ता सचिदानंद उपासने, संजय श्रीवास्तव, बीज निगम अध्यक्ष श्याम बैस, वित्त आयोग अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, भाजपा नेता राजीव अग्रवाल, सुनील सोनी उपस्थित थे।

पत्र सूचना कार्यालय
**PRESS INFORMATION BUREAU**
भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
एमआईजी-डी-18, सेक्टर-01, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492009
Telephone:-0771-2223620 Fax:- 0771-2222364, E-mail- pibrpr@gmail.com

सोमवार, 4 जून 2018 | रायपुर हाईवे चैनल

# हवाई चप्पल पहनने वाला हवाई जहाज में उड़े सपनों को साकार किया : जेपी नड्डा

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने मीडिया कर्मियों से की बातचीत, 2025 तक ट्यूबोकोसिस बीमारी से मुक्त करने का लक्ष्य

हाईवे चैनल

रायपुर, 4 जचून। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का कहना है कि भारत विश्व का तीसरा एविएशन मार्केट वाला देश बन गया है। जिसे और विस्तारित करने का काम चल रहा है तथा केंद्र की सरकार ने 25 नये एयरपोर्ट खोलने का निर्णय लिया है। उनका कहना था कि मोदी सरकार ने इस देश के हर गरीब के सपने को समझने की कोशिश की है। इसी दिशा में प्रयास चल रहें हैं। वे कहते हैं कि हवाई चप्पल पहनने वाला हवाई जहाज में सफर करने की नियत रख सके और पूरा हो सके इस ओर काम हुआ है। श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से गर्भवती माताओं के लिये मदद पहुंचाई गई। ऐसी प्रतिक महिला को 6 हजार रुपये की नगद सहायता राशि प्रदान किये जाना तय किया गया है ताकि समुचित आराम कर सके आर समय पर स्वास्थ्य की जांच करा सके। हर वर्ष 50 लाख से अधिक महिलाओं को इस कार्यक्रम का लाभ पहुंचाने का प्रयास चल रहा है।




केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सड़क निर्माण पर व्यय 2012-14 में 32,483 करोड़ रुपये की तुलना में 2017-18 में 1,16,324 करोड़ रुपये किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का वर्ष 2013-14 के 92,851 किलोमीटर की तुलना में 2017-18 में 1,20, 543 किलोमीटर विस्तार हुआ। निर्माण की गति 2013-14 के 12 किलोमीटर प्रतिदिन के मुकाबले बढ़कर 2017-18 में 27 किलोमीटर प्रतिदिन हो गई है। निर्माण और विकास के लिए 2,000 किलोमीटर तटीय संपर्क सड़कों की पहचान की गई। भारत की सबसे लंबी सड़क सुरंग-चेनानी- नाशरी सुरंग जनता के लिए खोली गई। भारत का सबसे लंबा पुल- असलम में ब्रम्हपुत्र नदी पर बना 9.15 किलोमीटर लंबा ढोला- सादिया पुत्र 26 मई 2017 को आम जनता को समर्पित। इस पुल में ऊपरी असम एवं अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी हिस्सों के बीच 24 घंटे संपर्क सुनिश्चित किया। भरूच में नर्मदा एवं कोटा में चम्बल नदी पर बने पुल आम जनता के लिए खोल दिए गए। उच्च सघनता वाले गलियारे में 1,000 किलोमीटर एक्सप्रेस है।

ब्याज सब्सिडी कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को एक वर्ष की अवधि के लिए तीन लाख रुपये तक के ऋण सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज दल पर दिये जाते है। किसानों को खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 1.5 गुणा अधिक मिलेगा। दालों का सुरक्षित भंडार 1.5 लाख टन से बढआकर 20 रुपये टन किया गया।

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत प्रतिवर्ष 12 रुपये के प्रीमियम पर व्यक्तिगत दुर्घटना कवर करने के लिये 13.25 करोड़ लोगों का बीमा किया गया। प्रदानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत प्रतिवर्ष 330 के प्रीमियम पर जीवन बीमा के 7.22 करोड़ परिवार लाभान्वित हुए। जनधन के जरिए बैंकिंग सुविधाओं से वंचित गरीब लोगों की बैंकिंग जरूरतों को पूरा करना केंद्र की मोदी सरकार ने लक्ष्य में रखा ता इसी के तहत 31.52 करोड़ जनधन खाते खोले गये। स्वच्छ भारत मिशन से पूरे देश में स्वच्छता की क्रांति लाने तेजी से काम किय.ा गया। इस योजना के तहत 7.25 करोड़ से भी अधिक शौचालय का निर्माण किया गया। लिहाजा स्वचत्छता कवरेज 2014 के 38 प्रतिशत से बढ़कर 83 प्रतिशत पहुंच गया। महिलाओं को सम्मान मिला और खुले में शौच जैसी स्वास्थ्य के हानिकारण से मुक्ति मिल पाई।

पत्रकार वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, स्वास्थ्य मंत्री अजय चंद्राकर, सांसद रमेश बैस उपस्थित रहे।

पत्र सूचना कार्यालय
PRESS INFORMATION BUREAU
भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
एमआईजी-डी-18, सेक्टर-01, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492009
Telephone:-0771-2223620 Fax:- 0771-2222364, E-mail- pibrpr@gmail.com

आज की जनधारा
www.aajkijandhara.com
रायपुर, मंगलवार 5 जून 2018
3

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने केन्द्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई

# सरकार ने लोगों को किया जागरुक : नड्डा

जनधारा समाचार




रायपुर। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को राजधानी रायपुर में एक प्रेसवार्ता में केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियां गिनाई।

केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि साफ नीयत और सही विकास मोदी का संकल्प है। उन्होंने बैंक सेक्टर को लेकर कहा कि इससे आर्थिक क्रांति के रूप में देखा जा सकता है। जन-धन योजना बड़ा माध्यम बना इससे देश की तस्वीर बदली है। घरेलू सिलेंडर मामले में सरकार ने जनता को राहत दी है। उन्होंने कहा पहले कॉमर्शियल सिलेंडर को भी सब्सिडी दी जा रही थी। अब डीबीटी के जरिए जनता को सब्सिडी की राशि सीधे उनके खाते में भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक में गरीबों के खाते खोले गए। सालों से गरीबों का बैंका खाता नहीं था। हमने बैंकों में जीरो बैलेस पर खाता खुलवाया। अब सरकारी योजनाओं अंतर्गत जनता को सीधे उसके खाते में राशि में भेज रही है। इससे भ्रष्टाचार में काफी हद तक कमी आई है। जनता और सरकार के बीच अब कोई बिचौलिया नहीं है। जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर मिल रहा है। एक तरह बैंकिंग क्षेत्र में क्रांति आ गई है।

### केन्द्र में छत्तीसगढ़ की उपेक्षा नहीं हुई और ना होगी

कृषि व किसानों के मुद्दे पर श्री नड्डा ने कहा कि 4 साल में बहुत काम हुआ है। मंडी डिजिटल हुई हैं जहां से सब जानकारी सीधे मिल रही है ये डिजिटल इंडिया का उदहारण है। युवा शक्ति को जोड़ने के लिए सरकार काम कर रही है। ट्रेनिंग सेंटर खोले जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि हमारी सरकार ने महिलाओं के लिए मेटरनिटी बेनिफिट पर काम किया। रोटा वायरस को लेकर काम किया। बच्चों की सेहत में बेहतर शेष पृष्ठ 10 पर

## स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ पर्यावरण जरूरी



### मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने पर्यावरण को बचाने की अपील

मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कल पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनता को शुभकामनाएं दी है। डॉ. सिंह ने पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर आज यहां जारी शुभकामना संदेश में कहा है कि धरती पर मानव समाज और प्राणी जगत के स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ पर्यावरण का होना बहुत जरूरी है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि हमें जल-जंगल और जमीन के पर्यावरण के साथ-साथ अपने गली-मोहल्लें गांवो और शहरों के पर्यावरण को भी स्वच्छ बनाने के लिए मिलकर काम करना होगा। डॉ. सिंह ने कहा पर्यावरण को स्वच्छ और शुद्ध बनाने में प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन की भी निश्चित रूप से बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होगी। डॉ. रमन सिंह ने सभी लोगों से पृथ्वी के पर्यावरण को बचाने के लिए अपने.अपने कार्यक्षेत्र में हरसभव प्रयास करने की अपील की है। आधुनिक युग में तीव्र औद्योगिक विकास और शहरीकरण की वजह से पूरी दुनिया में प्राकृतिक पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है जिसका असर ग्लोबल वार्मिंग के रूप में एक बडी चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से मौसम चक्र भी असामान्य रूप से बदल रहा है। कहीं बेमौसम की बारिश हो जाती है तो कहीं सूखा प्रड़ जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सब मिलकर अपनी पृथ्वी को बचाने के लिए पर्यावरण की रक्षा करेंए उसे साफसुथरा बनाएं और इसके लिए सघन वृक्षारोपण तथा पेड़-पौधों की रक्षा भी सुनिश्चित करें।

पत्र सूचना कार्यालय
PRESS INFORMATION BUREAU
भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
एमआईजी-डी-18, सेक्टर-01, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492009
Telephone:-0771-2223620 Fax:- 0771-2222364, E-mail- pibrpr@gmail.com

दैनिक दबंग दुनिया

रायपुर, मंगलवार, 5 जून 2018

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत बना दुनिया में आर्थिक महाशक्ति

दबंग रिपोर्टर ■ रायपुर

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा सोमवार को एक दिनी प्रवास पर रायपुर पहुंचे। वह यहां पत्रकारों से मिले और केन्द्र सरकार की चार साल की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री नड्डा ने कहा कि वर्ष 1971 से 2014 के बीच देश के 3 करोड़ नागरिकों के खाते बैंक में थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से 2018 के बीच देश के 31.52 करोड़ लोगों के खाते बैंक में खोले गये हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले चार सालों में भारत दुनिया में आर्थिक शक्ति बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की जीडीपी को बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ▶ शेष पेज-4



## 1054 दवाओं के दाम सरकार तय करेगी

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि देश के लोगों को सस्ती स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराये जाने के लिए केन्द्र सरकार ने निर्णय लिया है कि अब आवश्यक 1054 दवाओं के दाम सरकार तय करेगी ताकि लोगों को सस्ती दर पर दवा उपलब्ध हो सके। उन्होंने आयुष्मान योजना के तहत खोले जा रहे स्वास्थ्य एवं वेलनेस सेंटर पर निशुल्क जांच सुविधा के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

पत्र सूचना कार्यालय
**PRESS INFORMATION BUREAU**
भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
एमआईजी-डी-18, सेक्टर-01, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492009
Telephone:-0771-2223620 Fax:- 0771-2222364, E-mail- pibrpr@gmail.com

**प्रतिदिन राजधानी**
मंगलवार, 5 जून 2018

# जन-धन योजना से बदली देश की तस्वीरः जेपी नड्डा

## जेपी नड्डा ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान मोदी सरकार के चार वर्ष की उपलब्धियां गिनाईं

**प्रतिदिन नेटवर्क, रायपुर**

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि जन-धन योजना ने देश की तस्वीर बदल दी है। वर्षों से गरीबों का बैंक खाता नहीं था। हमने बैंकों में जीरो बैलेंस पर खाते खुलवाए। अब सरकारी योजनाओं के अंतर्गत जनता को सीधे उनके खाते में राशि भेजी जा रही है। इससे भ्रष्टाचार में काफी हद तक कमी आई है।




नड्डा ने सोमवार को रायपुर में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान मोदी सरकार के चार वर्ष की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि साफ नीयत और सही विकास प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है। उन्होंने कहा कि घरेलू सिलेंडर देकर सरकार ने जनता को राहत दी है। पहले कमर्शियल सिलेंडर को भी सब्सिडी दी जा रही थी, लेकिन अब डीबीटी के जरिए जनता को सब्सिडी की राशि सीधे उनके खाते में भेजी जा रही है। यानी जनता का पैसा सीधे जनता के पास जा रहा है, बिचौलिए खत्म हो गए हैं।

कृषि व किसानों के मुद्दे पर नड्डा ने कहा कि 4 साल में काफी कुछ काम हुआ है। मंडी डिजिटल हुई हैं जहां से सब जानकारी सीधे मिल रही है। यह डिजिटल इंडिया का उदहारण है। युवा शक्ति को जोड़ने के लिए सरकार काम कर रही है। ट्रेनिंग सेंटर खोले जा रहे हैं। हमारी सरकार ने महिलाओं के लिए मैटर्निटी बेनिफिट पर काम किया। रोटावायरस को लेकर काम किया। बच्चों की सेहत में बेहतर सुधार की दिशा में काम किया। इसी का असर है कि आज भारत स्वस्थ भारत के रूप में सामने आ रहा है। वेलनेस सेंटर में पांच तरह की जांच की सुविधा होगी। इसके लिए डेढ़ लाख सेंटर हैं। हेल्थ केयर का जो काम कर रहे हैं इसमें बीमा के जरिए उन्हें लाभ होगा। गरीबों को कम रेट में दवा देने का काम मोदी सरकार ने किया है। इसका लाभ अब सीधे गरीब तबके के लोगों को मिल रहा है।

नड्डा ने कहा कि देश में 25 नए एयरपोर्ट खोले गए। हवाई चप्पल पहनने वालों ने भी हवाई सफर किया। आज देश में हवाई सफर आम आदमी के लिए सस्ता और सुलभ हो रहा है। इनकम टैक्स पर नड्डा ने कहा कि आज देश में इनकम टैक्स देने वालों की संख्या बढ़ी है। यह एक बड़ा परिवर्तन है। इससे कहा जा सकता है कि साफ नीयत व सही विकास। यह ट्रांसफर्मिंग इंडिया का बड़ा उदाहरण है। सरकार ने लोगों को जागरूक किया। जहां कड़ाई की जरूरत पड़ी वहां सख्ती भी बरती गई। वर्तमान में आयकर दाताओं की संख्या बढ़ने से देश का राजस्व भी बढ़ा है।

केंद्रीय मंत्री ने निपाह वायरस से फैल रही बीमारी से संबंधित सवालों के जवाब में कहा कि केरल के कुछ जिलों में फैले निपाह वायरस को लेकर केन्द्र सरकार पूरी तरह गंभीर है। इसको लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। प्रो एक्टिव एक्शन लिया गया है। इसका असर 15 मिनट के भीतर हो सकता है। जैसे ही इसके संबंध में शुरुआती जानकारी मिली केंद्र की टीम जल्द पहुंच गई और राज्य के साथ मिलकर काम किया। सोर्स पता करके यह कहां-कहां जा सकता है उन सब पर कंट्रोल किया गया है। इसके नियंत्रण में देश के टॉप साइंटिस्ट का भी सहयोग मिला।

पत्र सूचना कार्यालय
PRESS INFORMATION BUREAU
भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
एमआईजी-डी-18, सेक्टर-01, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492009
Telephone:-0771-2223620 Fax:- 0771-2222364, E-mail- pibrpr@gmail.com

दिनांक 5/6/18

नवभारत

# कांग्रेस के 70 साल से ज्यादा काम हमने चार साल में किए : नड्डा

## 48 महीने में भारत आर्थिक रूप से हुआ मजबूत



रायपुर

■ नवभारत ब्यूरो | रायपुर.

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगतप्रकाश नड्डा ने कहा है कि कांग्रेस ने 70 वर्षों में जितने काम नहीं किए, उससे कहीं ज्यादा विकास के काम मोदी सरकार के पिछले चार वर्षों में हुए हैं. मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाने के लिए राजधानी रायपुर आए श्री नड्डा ने सोमवार को पत्रवार्ता में कहा कि पिछले 48 महीने में भारत आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है. उनकी सरकार की नीयत साफ है और देश का विकास सही दिशा में आगे बढ़ रहा है. स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर बदलाव देखने को मिल रहे हैं.

श्री नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा व सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में मोदी सरकार कई योजनाएं संचालित कर लोगों को लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है. श्री नड्डा ने मोदी सरकार में किए गए कार्यों के आंकड़े प्रस्तुत किए. उन्होंने बताया कि जनधन योजना के तह 31.52 लाख बैंक खाते खोले गए हैं. जनसुरक्षा योजना के तहत गरीबों की तस्वीर बदलने का प्रयास किया गया है. डीबीटी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में जा रही है. उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा गया है. 28.5 लाख हेक्टेयर को सिंचित बनाने का भी लक्ष्य है. श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्राकोष योजना के तहत 12 करोड़ लोन स्वीकृत किए गए हैं. उन्होंने कहा कि 13 हजार से अधिक ट्रेनिंग सेंटर कौशल विकास के लिए खोले गए हैं. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 50 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा कवरेज दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों के अलावा सामुदायिक, प्राथमिक व उपस्वास्थ्य केन्द्रों में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है. स्वास्थ्य केन्द्रों में रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी आदि की निःशुल्क जांच की सुविधा है. इसके अलावा हजारों स्वास्थ्य केन्द्र वेलनेस सेंटर में बदले जा रहे हैं, जहां कैंसर, शुगर, ट्यूमर की जांच सुविधा होगी. दवाओं के बढ़ते दाम और निजी अस्पतालों में महंगे इलाज पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने दर्जनों आवश्यक दवाओं की कीमत कम कर रखी है. निजी अस्पतालों पर नियंत्रण के लिए नया कानून बनाया जा रहा है.

श्री नड्डा ने डिजिटल इंडिया का जिक्र करते हुए कहा कि देश की सैकड़ों कृषि उपज मंडियां ऑनलाइन हो गई हैं और वहां से लाखों किसान जुड़कर हर रोज अपनी उपज की खरीदी-बिक्री कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को अलग-अलग योजनाओं के तहत रोजगार उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है.

प्रदेश में अपनी मांगों को लेकर जारी नर्सों की हड़ताल पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उनकी मांगों के प्रति सरकार संवेदनशील है. उनकी जायज मांगों पर सरकार विचार कर रही है. इस संबंध में उनकी सरकार से भी चर्चा हो रही है. बातचीत के बाद सकारात्मक नतीजे पर पहुंचेंगे.

पत्रवार्ता से पहले श्री नड्डा ने संपादकों के साथ बैठक में भी केंद्र सरकार की 4 साल की उपलब्धियों की जानकारी दी.

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा के दावों पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

### स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का आरोप

■ नवभारत ब्यूरो | रायपुर.

मोदी सरकार के चार साल की उपलब्धियां गिनाकर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के दावों पर कांग्रेस ने सवाल उठाए. प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का मुद्दा उठाकर सरकारी अस्पतालों के निजीकरण पर घेरा. प्रदेश में नकली दवाओं के कारोबार को बढ़ावा देने का आरोप लगाकर नसबंदी कांड और आंखफोड़वा कांड समेत अन्य घटनाओं से हुई मौतों को उठाया.

सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवा देने के केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के बयान पर कांग्रेस ने पूछा कि राज्य के अस्पतालों में 50 दवाइयां मुफ्त क्यों नहीं दी जा रही है? संचार विभाग अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी ने कहा कि अगर यह दावा सही है तो कितने सरकारी अस्पतालों में कौन-कौन सी दवाएं मुफ्त दी जा रही है. अब तक कितने मरीजों को ये पचास दवाइयां मुफ्त दी गई हैं. भाजपा सरकार इसको सार्वजनिक करे. सरकारी अस्पतालों में खून, एक्सरे, सीटी स्कैन समेत अन्य तरह की जांच निजी हाथों में सौंपी जा रही है. यहां डॉक्टरों, प्रशिक्षित स्टाफ की भारी कमी है. विशेषज्ञ चिकित्सक, सर्जन, डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के खाली पदों का आंकड़ा देकर खोखली उपलब्धियां गिनाने का आरोप लगाया.

पत्र सूचना कार्यालय
**PRESS INFORMATION BUREAU**
भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
एमआईजी-डी-18, सेक्टर-01, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492009
Telephone:-0771-2223620 Fax:- 0771-2222364, E-mail- pibrpr@gmail.com

नवभारत

दिनांक 5/6/18

# कांग्रेस के 70 साल से ज्यादा काम हमने चार साल में किए : नड्डा

## 48 महीने में भारत आर्थिक रूप से हुआ मजबूत




■ नवभारत ब्यूरो | रायपुर.

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगतप्रकाश नड्डा ने कहा है कि कांग्रेस ने 70 वर्षों में जितने काम नहीं किए, उससे कहीं ज्यादा विकास के काम मोदी सरकार के पिछले चार वर्षों में हुए हैं. मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाने के लिए राजधानी रायपुर आए श्री नड्डा ने सोमवार को पत्रवार्ता में कहा कि पिछले 48 महीने में भारत आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है. उनकी सरकार की नीयत साफ है और देश का विकास सही दिशा में आगे बढ़ रहा है. स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर बदलाव देखने को मिल रहे हैं.

श्री नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा व सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में मोदी सरकार कई योजनाएं संचालित कर लोगों को लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है. श्री नड्डा ने मोदी सरकार में किए गए कार्यों के आंकड़े प्रस्तुत किए. उन्होंने बताया कि जनधन योजना के तहत 31.52 लाख बैंक खाते खोले गए हैं. जनसुरक्षा योजना के तहत गरीबों की तस्वीर बदलने का प्रयास किया गया है. डीबीटी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में जा रही है. उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा गया है. 28.5 लाख हेक्टेयर को सिंचित बनाने का भी लक्ष्य है. श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्राकोष योजना के तहत 12 करोड़ लोन स्वीकृत किए गए हैं. उन्होंने कहा कि 13 हजार से अधिक ट्रेनिंग सेंटर कौशल विकास के लिए खोले गए हैं. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 50 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा कवरेज दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों के अलावा सामुदायिक, प्राथमिक व उपस्वास्थ्य केन्द्रों में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है. स्वास्थ्य केन्द्रों में रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी आदि की निःशुल्क जांच की सुविधा है. इसके अलावा हजारों स्वास्थ्य केन्द्र वेलनेस सेंटर में बदले जा रहे हैं, जहां कैंसर, शुगर, ट्यूमर की जांच सुविधा होगी. दवाओं के बढ़ते दाम और निजी अस्पतालों में महंगे इलाज पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने दर्जनों आवश्यक दवाओं की कीमत कम कर रखी है. निजी अस्पतालों पर नियंत्रण के लिए नया कानून बनाया जा रहा है.

श्री नड्डा ने डिजिटल इंडिया का जिक्र करते हुए कहा कि देश की सैकड़ों कृषि उपज मंडियां ऑनलाइन हो गई हैं और वहां से लाखों किसान जुड़कर हर रोज अपनी उपज की खरीदी-बिक्री कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को अलग-अलग योजनाओं के तहत रोजगार उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है.

प्रदेश में अपनी मांगों को लेकर जारी नर्सों की हड़ताल पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उनकी मांगों के प्रति सरकार संवेदनशील है. उनकी जायज मांगों पर सरकार विचार कर रही है. इस संबंध में उनकी सरकार से भी चर्चा हो रही है. बातचीत के बाद सकारात्मक नतीजे पर पहुंचेंगे.

पत्रवार्ता से पहले श्री नड्डा ने संपादकों के साथ बैठक में भी केंद्र सरकार की 4 साल की उपलब्धियों की जानकारी दी.

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा के दावों पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

### स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का आरोप

■ नवभारत ब्यूरो | रायपुर.

मोदी सरकार के चार साल की उपलब्धियां गिनाकर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के दावों पर कांग्रेस ने सवाल उठाए. प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का मुद्दा उठाकर सरकारी अस्पतालों के निजीकरण पर घेरा. प्रदेश में नकली दवाओं के कारोबार को बढ़ावा देने का आरोप लगाकर नसबंदी कांड और आंखफोड़वा कांड समेत अन्य घटनाओं से हुई मौतों को उठाया.

सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवा देने के केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के बयान पर कांग्रेस ने पूछा कि राज्य के अस्पतालों में 50 दवाइयां मुफ्त क्यों नहीं दी जा रही है? संचार विभाग अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी ने कहा कि अगर यह दावा सही है तो कितने सरकारी अस्पतालों में कौन-कौन सी दवाएं मुफ्त दी जा रही है. अब तक कितने मरीजों को ये पचास दवाइयां मुफ्त दी गई हैं. भाजपा सरकार इसको सार्वजनिक करे. सरकारी अस्पतालों में खून, एक्सरे, सीटी स्कैन समेत अन्य तरह की जांच निजी हाथों में सौंपी जा रही है. यहां डॉक्टरों, प्रशिक्षित स्टाफ की भारी कमी है. विशेषज्ञ चिकित्सक, सर्जन, डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के खाली पदों का आंकड़ा देकर खोखली उपलब्धियां गिनाने का आरोप लगाया.

पत्र सूचना कार्यालय
PRESS INFORMATION BUREAU
भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
एमआईजी-डी-18, सेक्टर-01, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492009
Telephone:-0771-2223620 Fax:- 0771-2222364, E-mail- pibrpr@gmail.com

5/6/18

नवभारत

# कांग्रेस के 70 साल से ज्यादा काम हमने चार साल में किए : नड्डा

## 48 महीने में भारत आर्थिक रूप से हुआ मजबूत




■ नवभारत ब्यूरो | रायपुर.

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगतप्रकाश नड्डा ने कहा है कि कांग्रेस ने 70 वर्षों में जितने काम नहीं किए, उससे कहीं ज्यादा विकास के काम मोदी सरकार के पिछले चार वर्षों में हुए हैं. मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाने के लिए राजधानी रायपुर आए श्री नड्डा ने सोमवार को पत्रवार्ता में कहा कि पिछले 48 महीने में भारत आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है. उनकी सरकार की नीयत साफ है और देश का विकास सही दिशा में आगे बढ़ रहा है. स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर बदलाव देखने को मिल रहे हैं.

श्री नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा व सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में मोदी सरकार कई योजनाएं संचालित कर लोगों को लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है. श्री नड्डा ने मोदी सरकार में किए गए कार्यों के आंकड़े प्रस्तुत किए. उन्होंने बताया कि जनधन योजना के तह 31.52 लाख बैंक खाते खोले गए हैं. जनसुरक्षा योजना के तहत गरीबों की तस्वीर बदलने का प्रयास किया गया है. डीबीटी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में जा रही है. उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा गया है. 28.5 लाख हेक्टेयर को सिंचित बनाने का भी लक्ष्य है. श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्राकोष योजना के तहत 12 करोड़ लोन स्वीकृत किए गए हैं. उन्होंने कहा कि 13 हजार से अधिक ट्रेनिंग सेंटर कौशल विकास के लिए खोले गए हैं. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 50 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा कवरेज दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों के अलावा सामुदायिक, प्राथमिक व उपस्वास्थ्य केन्द्रों में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है. स्वास्थ्य केन्द्रों में रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी आदि की निःशुल्क जांच की सुविधा है. इसके अलावा हजारों स्वास्थ्य केन्द्र वेलनेस सेंटर में बदले जा रहे हैं, जहां कैंसर, शुगर, ट्यूमर की जांच सुविधा होगी. दवाओं के बढ़ते दाम और निजी अस्पतालों में महंगे इलाज पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने दर्जनों आवश्यक दवाओं की कीमत कम कर रखी है. निजी अस्पतालों पर नियंत्रण के लिए नया कानून बनाया जा रहा है.

श्री नड्डा ने डिजिटल इंडिया का जिक्र करते हुए कहा कि देश की सैकड़ों कृषि उपज मंडियां ऑनलाइन हो गई हैं और वहां से लाखों किसान जुड़कर हर रोज अपनी उपज की खरीदी-बिक्री कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को अलग-अलग योजनाओं के तहत रोजगार उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है.

प्रदेश में अपनी मांगों को लेकर जारी नर्सों की हड़ताल पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उनकी मांगों के प्रति सरकार संवेदनशील है. उनकी जायज मांगों पर सरकार विचार कर रही है. इस संबंध में उनकी सरकार से भी चर्चा हो रही है. बातचीत के बाद सकारात्मक नतीजे पर पहुंचेंगे.

पत्रवार्ता से पहले श्री नड्डा ने संपादकों के साथ बैठक में भी केंद्र सरकार की 4 साल की उपलब्धियों की जानकारी दी.

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा के दावों पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

### स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का आरोप

■ नवभारत ब्यूरो | रायपुर.

मोदी सरकार के चार साल की उपलब्धियां गिनाकर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के दावों पर कांग्रेस ने सवाल उठाए. प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का मुद्दा उठाकर सरकारी अस्पतालों के निजीकरण पर घेरा. प्रदेश में नकली दवाओं के कारोबार को बढ़ावा देने का आरोप लगाकर नसबंदी कांड और आंखफोड़वा कांड समेत अन्य घटनाओं से हुई मौतों को उठाया.

सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवा देने के केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के बयान पर कांग्रेस ने पूछा कि राज्य के अस्पतालों में 50 दवाइयां मुफ्त क्यों नहीं दी जा रही है? संचार विभाग अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी ने कहा कि अगर यह दावा सही है तो कितने सरकारी अस्पतालों में कौन-कौन सी दवाएं मुफ्त दी जा रही है. अब तक कितने मरीजों को ये पचास दवाइयां मुफ्त दी गई हैं. भाजपा सरकार इसको सार्वजनिक करे. सरकारी अस्पतालों में खून, एक्सरे, सीटी स्कैन समेत अन्य तरह की जांच निजी हाथों में सौंपी जा रही है. यहां डॉक्टरों, प्रशिक्षित स्टाफ की भारी कमी है. विशेषज्ञ चिकित्सक, सर्जन, डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के खाली पदों का आंकड़ा देकर खोखली उपलब्धियां गिनाने का आरोप लगाया.

PRESS INFORMATION BUREAU
GOVERNMENT OF INDIA
KOLKATA
*****

Name of Newspaper :- Prabhat Khabar
Language :- ENGLISH/BENGALI/HINDI/URDU
Place of Publication :- Kolkata (West Bengal)
Date of Publication :- 4/06/2018

## दावा. मोदी सरकार ने रचा विकास का नया इतिहास, विदेशों में बढ़ी साख

# चार साल 70 वर्षों पर भारी

- केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गिनायी उपलब्धि
- अविश्वास का माहौल समाप्त कर कार्य में पारदर्शिता, बिचौलिये किये गये समाप्त




संवाददाता ▷ आसनसोल

केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने केंद्र सरकार के चार साल के विकास का नया अध्याय रचा है. इतना विकास कांग्रेस ने 70 सालोंमें नहीं किया है. वे रविवार को स्थानीय होटल में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे. पीआइबी के संयुक्त निदेशक चिनमय चक्रवर्ती तथा उप निदेशक अजय महामिया उपस्थित थे.

श्री शेखावत ने कहा कि मात्र चार साल की अवधि में केंद्र सरकार ने देश में विकास को एक नयी दिशा दी है. सड़क, विधुत, शिक्षा, स्वास्थ्य, जीवन बीमा, फसल बीमा, निर्यात, उत्पादन, आवास, गरीबी उन्मूलन, रोजगार एवं विकास कार्यों को नये ढंग से

परिभाषित किया है. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पूरे विश्व में तेजी के साथ विकसित होते राष्ट्र की पहचान बना चुका है. देश-विदेश में भारत की उभरती ताकत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन पहली बार किसी देश के राष्ट्राध्यक्ष का स्वागत करने स्वयं एयरपोर्ट गये. उन्होंने कहा कि देश को एक नये विकास की राह पर ले जाने के उम्मीद एनडीए संसदीय दल के नेता चुने जाने और शपथ ग्रहण से पूर्व श्री मोदी ने कहा था कि उनकी सरकार गांव, दलित, किसान, शोषित, उपेक्षित, पीडित युवाओं और महिलाओं के प्रति समर्पित सरकार रहेगी. देश में तत्कालिन अविश्वास, अस्थिरता, कानून के प्रति अविश्वास, आस्था में कमी आयी थी.

उन्होंने कहा कि चार वर्ष के कार्यकाल में दोनों ही संकल्पों ओर अकांक्षाओं पर मोदी सरकार बिलकुल खरी उतरी है. सरकार ने विकास कार्यों में पारदर्शिता लागू की है. लाल किले के प्राचीर से जब जन धन योजना के तहत देश के 10 करोड़ लोगों का बैंक खाता खोलने की घोषणा की थी तब विरोधी दल के लोगों ने इस देश के बैंकिंग ढांचा को अपूर्ण बताते हुए जन धन योजना के सफलता पर सवालिया निशान लगा दिये थे. परंतु देश के 31 करोड लोगों के जनधन खाते ,खोल कर उन्हें वित्तीय परिसेवा का लाभ दिया जा रहा है. उन्होंने कहा सब्सीडी के तहत छह लाख करोड रूपये की सब्सीडी का शत प्रतिशत लाभ बैंकों के माध्यम से जरूरतमंदों तक पहुंचाया गया ओर बिचौलियों की भूमिका को खत्म कर दी गयी है.

**PRESS INFORMATION BUREAU**
**GOVERNMENT OF INDIA**
**KOLKATA**
*****

| | | |
|---|---|---|
| Name of Newspaper | :- | Dainik Jagran |
| Language | :- | ENGLISH/BENGALI/HINDI/URDU |
| Place of Publication | :- | Kolkata (West Bengal) |
| Date of Publication | :- | 4/6/18 |


# 2022 तक विकसित राष्ट्र बनेगा भारत

## बोले केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री– हर भारतीय का सीना हुआ 56 इंच का, 48 माह में लिये गए कई ऐतिहासिक निर्णय

जागरण संवाददाता, आसनसोल : केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही भाजपा नीत राजग सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियां गिनाने के लिए पीआइबी द्वारा आसनसोल में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मोदी सरकार के 4 साल का लेखा-जोखा पेश करते हुए कहा कि 2014 में देश की जनता ने 30 साल बाद पूर्ण बहुमत की सरकार को चुना था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम पद के लिए संसदीय दल द्वारा चुने जाने से लेकर शपथ लेने तक जो वादे देशवासियों से किये, उसी के अनुसार कार्य किया। उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त देश बनाने के साथ कहा था कि यह सरकार देश के गरीब, शोषित, वंचित, दलित, युवा एवं महिलाओं के लिए समर्पित होगी। उस समय पूरे विश्व में भारत और भारतीयों के प्रति अंधविश्वास का माहौल था। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी ने व्यापक बदलाव का काम करते हुए देश में विश्वास का माहौल कायम करते हुए पूरे विश्व में भारत एवं भारतीयों के प्रति विश्वास जगाया। जिसका परिणाम है कि आज भारत विश्व में सबसे तेजी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। 2022 तक भारत सशक्त एवं विकसित हो जायेगा। 70 साल में जो सरकारें नहीं कर पाईं, वह काम मोदी सरकार ने 48 माह में कर दिया। 48 माह में सरकार ने जो ऐतिहासिक निर्णय लिये है। विश्व में भारत को जो सम्मान मिल रहा है, उससे हर भारतीय का सीना 56 इंच का हो गया है।

### डीबीटी से लाभुकों को मिल रहा पूरा लाभ

उन्होंने कहा देश में तीन पीढ़ियों तक राज करने वाले परिवार के एक प्रधानमंत्री ने कहा था कि केंद्र से जनता के लिए जो 100 रुपया भेजा जाता है, उसमें से मात्र 15 रुपये ही जनता के पास पहुंचता है, बाकी पैसे बिचौलिये खा जाते हैं। देश में घर-घर शौचालय निर्माण का कार्य किया गया। देश में बीते 70 साल में जहां 40 फीसदी शौचालय बने थे, वहीं बीते 4 साल में 40 फीसदी शौचालयों का निर्माण कराया गया। आज देश के 4 राज्य 100 फीसदी खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) घोषित हो चुके है। 5 राज्यों में 90 फीसदी ओडीएफ है, देश के 400 जिले तथा 3 लाख 70 हजार गांव ओडीएफ किया जा चुका है।

### 13 करोड़ स्वरोजगार का सृजन किया गया

मंत्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि कोई भी सरकार शत प्रतिशत बेरोजगारों को रोजगार नहीं दे सकती है। लेकिन देश में युवाओं का जो उर्जा स्त्रोत है, उसे सही तरीके से नियोजित करने लिए मुद्रा योजना, स्टार्टअप, स्टैंड अप योजना लायी गयी। जिसके तहत 13 करोड़ स्वरोजगार सृजित किये गये। इसमें 70 फीसदी यानि की 9 करोड़ के करीब संख्या महिलाओं की है। जिसमें से 38 फीसदी अनुसूचित जाति एवं जनजाति की है।




संबोधित करते केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री गजेंद्र सिंह • जागरण

### गरीबों को 2022 तक मिलेगा अपना घर

उन्होंने देश की गरीब जनता को 2022 तक पक्का घर दिलाने के लिए हाउसिंग फॉर ऑल योजना शुरू की गयी। जिसके तहत सभी गृहहीन गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। 2022 तक देश में सभी का अपना पक्का मकान होगा। वहीं गरीब जनता को महंगे इलाज से छुटकारा देने के लिए नमो हेल्थ केयर शुरू किया गया। 10 करोड़ परिवार को मेडिकल कार्ड मिलेगा।

### 8 करोड़ परिवारों को मिलेगा उज्ज्वला का लाभ

केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि देश की महिलाओं को चूल्हा में खाना बनाने से फैलने वाले प्रदूषण के कारण विभिन्न बीमारियों का शिकार होना पड़ता है। इससे मुक्ति दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना शुरू की गयी। जिसके तहत बीते 70 साल में जहां 4 करोड़ के पास एलपीजी कनेक्शन थे, वहीं बीते 4 साल में ही 4 करोड़ को उज्ज्वला के तहत गैस कनेक्शन दिया गया।

### वार्ता

- मोदी सरकार के चार साल पूरा होने पर गिनाईं उपलब्धियां
- भाजपा सरकार चार राज्य 100 फीसद खुले में शौचमुक्त हुए

### 2022 तक किसानों की आय दोगुनी होगी

केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि देश के विकास में किसानों की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। आज देश में खाद्यानों का उत्पादन आवश्यकता से अधिक हो रहा है, पहले दाल आयात करने को विदेशी मुद्रा खर्च करनी होती थी, अब देश दाल का निर्यात कर रहा है। देश फल, सब्जी, दलहन एवं तिलहन के उत्पादन में पूरी दुनिया में देश शीर्ष पर पहुंचा है।

### एसी रेल यात्रियों से ज्यादा हवाई यात्री

देश में हवाई चप्पल वाले भी हवाई यात्रा कर सके इसके लिए उड़ान योजना के तहत छोटे शहरों में हवाई अड्डे विकसित किये जा रहे है। परिणाम यह रहा है कि बीते वर्ष देश में जितने लोगों ने रेलवे में एसी क्लास में यात्रा की, उससे अधिक लोगों ने हवाई जहाज में यात्रा की।

**PRESS INFORMATION BUREAU**
**GOVERNMENT OF INDIA**
**KOLKATA**
*****

**Name of Newspaper** :- Banga Express
**Language** :- ENGLISH/BENGALI/HINDI/URDU
**Place of Publication** :- Kolkata (West Bengal)
**Date of Publication** :- 4/06/2018

# बीते चार वर्षों में केन्द्र सरकार द्वारा किए गए विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की पूरी जानकारी दी केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने

**आसनसोल प्रतिनिधि।** आसनसोल सेलरेले स्थित एक निजी होटल में पीआईबी की ओर से रविवार को एक पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पत्रकारों को केन्द्र सरकार द्वारा बीते चार वर्षों में किए गये विकास एवं लोक कल्याण योजनाओं को विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेज गति से विकास कर रहा है। देश की अर्थव्यवस्था दुनियां की सबसे तेज अर्थव्यवस्थाओं में से एक हो गई है। हर एक का विकास और हर एक के लिए बेहतर जीवन की व्यवस्था की जा रही है। जन-धन के जरिए बैंकिंग सुविधाओं से वंचित गरीब लोगों की बैंकिंग जरूरतों को पूरा किया जा रहा है।




स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश में स्वच्छता क्रांति लायी जा रही है। 7.25 करोड़ से अधीक शौचालयों का निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से देश के प्रत्येक गांव को जोड़ने की मुहिम चलाई जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए वर्ष 2022 तक सभी को घर देने का लक्ष्य रखा गया है। 80 करोड़ से भी अधिक लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा का प्रावधान किया जा रहा है। किसानों की आय को दोगुनी करने का बहुआयामी प्रयास किया जा रहा है। किसानों के लिए कम ब्याज दर पर ऋण की सुविधा प्रदान की जा रही है। करोड़ों किसानों के जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। 7,565 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति वितरण से 2014-15 और 2015-16 के दौरान 3.3 करोड़ से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। शिक्षा पर अगर ध्यान न दिया जाय तो देश कभी आगे नहीं बढ़ सकता है इसलिए शिक्षा के माध्यम से लोगों को सशक्त किया जा रहा है। खिलाड़ियों में खेलों और खेल की भावना को आगे बढ़ना ही भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। भ्रष्टाचार और कालेधन के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है और आगे भी की जायेगी। नए भारत के निर्माण के लिए नया बुनियादी ढांचा की व्यवस्था केन्द्रीय सरकार कर रही है।

सम्मेलन में संवाददाता द्वारा पूछे जाने पर कि इतना काम करने के बावजूद भाजपा यूपी उपचुनाव में क्यों हार गयी? इस प्रश्न का जवाब देते हुए मंत्री ने पत्रकारों को बताया कि यह कर्नाटक की हवा यूपी में थी, लेकिन आने वाले लोकसभा चुनाव पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। मौके पर पीआईपी ज्वाइंट डायरेक्टर चिनमय चक्रभर्ती, डेपुटी डायरेक्टर अजय नाहामियां, डेपुटी डायरेक्टर सोमराट बंदोपाध्याय आदि उपस्थित थे।

**PRESS INFORMATION BUREAU**
**GOVERNMENT OF INDIA**
**KOLKATA**
*****

**Name of Newspaper** :- AWAZ
**Language** :- ENGLISH/BENGALI/HINDI/URDU
**Place of Publication** :- Kolkata (West Bengal)
**Date of Publication** :- 4/06/2018

### भाजपा के कंद्रीय राज्य मंत्री गजेंद्र ने गिनायी मोदी सरकार के चार वर्षों की उपलब्धियां

# नमो हेल्थ केयर के तहत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना शुरू

**आसनसोल :** आसनसोल सेन रेले स्थित एक होटल के सभागार में कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने केंद्र सरकार के चार वर्षों की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि आज भारत दुनिया में सबसे तेजी से विकास कर रहे देश बन गया है। विश्व का जीडीपी 34 प्रतिशत है, जबकि भारत 31 प्रतिशत की दर से विकास कर रहा है। महिलाओं से लेकर किसान और मजदूर तथा बेरोजगार युवकों पर सबसे अधिक ध्यान दिया जा रहा है। देश के सामाजिक परिवेश को बदलने के लिए स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए देश के प्रधानमंत्री ने स्वयं नेतृत्व करने के लिए सबसे आगे आये और आज पूरे देश में स्वच्छता अभियान आंदोलन का रूप धारण कर चुका है। स्वच्छता का दायरा आज 40 प्रतिशत से बढ़ कर 70 प्रतिशत हो गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री देश की आर्थिक रूप से कमजोर जनता को जन धन योजना के तहत बैंक से जोड़ने के लिए कम से कम 10 करोड़ लोगों का लक्ष्य निर्धारित किये थे परंतु उनके प्रयास से 32 करोड़ से अधिक लोगों ने खाता खुलवाया, इससे बैंक के खाते में लगभग 83 करोड़ रुपये जमा किये गये। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए एक रुपये में बीमा योजना लायी गयी। 14 करोड़ लोगों को इस बीमा योजना से जोड़ा गया। भाजपा सरकार ने देश की महिलाओं के सम्मान को देखते हुए शौचालय बनाने की योजना शुरू की और आज सात करोड़ से अधिक शौचालय का निर्माण किया जा चुका है। 13 करोड़ से अधिक बेरोजगारो को स्वरोजगार करने के लिए बैंक से अर्थिक मदद दी गयी है, जिसमें 70 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। आगे उन्होंने कहा कि विकास मद में पहले सौ रुपये भेजा जाता था तो तो 15 प्रतिशत ही गांव तक पहुंचता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होता है। आर्थिक रूप से जो लोग कमजोर हैं, उन्हें मेडिकल सुविधा दिलाने के लिए केंद्र सरकार प्रयासरत है। स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए भाजपा की ओर से दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य योजना नमो हेल्थ केयर योजना के नाम से शुरू किया है, तहत 10 करोड़ लोगों को स्वास्थ कार्ड दिया जायेगा। इसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर लोग अपने परिवार के किसी भी सदस्य का इलाज किसी भी अस्पताल में करा सकते हैं, जिसके लिए केंद्र सरकार की ओर से पांच लाख रुपये का अर्थिक सहयोग करेगी। छोटे-छोटे गांव में डेढ़ लाख स्वास्थ्य केंद्र खोले जायेंगे। पहले ही दवाओं के दाम कम करने के लिए कर तीन हजार से अधिक जेनरिक दवाओं का स्टोर खोला गया है और अभी 10 हजार स्टोर खोलने की योजना है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून में बदलाव किया, महिला उत्पीड़न के सजा को 10 साल से बढ़ा कर 20 साल किया। उर्जा और गैस के क्षेत्र में भी केंद्र सरकार ने काफी कार्य किया। 2022 तक देश के सभी नागरिक के पास अपना पक्का मकान होगा और सभी घर में बिजली होगा। किसानों को उनके फसल का बीमा किया जायेगा। इतना ही नहीं किसानों को ऑन लाइन कर के दलाली की परंपरा से मुक्ति दिलायी जायेगी। दीनदयाल योजना के तहत 2022 तक सभी घरों में बिजली पहुंचायी जायेगी।



पत्रकार सम्मेलन में संबोधित करते मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और अजय महामयी।